
# निवेश, उद्यमिता व आर्थिक विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाना सरकार की प्राथमिकता : दिलीप घोष




मंत्री दिलीप घोष का अभिनंदन करते चैंबर के अध्यक्ष अनंत सहरिया.

**कोलकाता.** कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सोमवार को महानगर में 'बदलते परिदृश्य में पश्चिम बंगाल में कारोबार' के अवसर विषय पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया. कार्यक्रम में राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा कृषि विपणन विभाग के प्रभारी मंत्री दिलीप घोष मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. मंत्री दिलीप घोष ने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल के आर्थिक और कारोबारी विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न नीतियों, योजनाओं और पहलों की जानकारी दी. उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उभर रहे कारोबारी अवसरों पर प्रकाश डालते हुए निवेश, उद्यमिता और सतत आर्थिक विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई. मंत्री ने कारोबारियों के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी नीतियों, प्रोत्साहनों और सहायता योजनाओं की भी जानकारी दी. उन्होंने ग्रामीण विकास, कृषि विपणन और राज्य के व्यापक आर्थिक विकास से जुड़े क्षेत्रों में सरकार और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया. कार्यक्रम में कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनंत सहरिया ने स्वागत भाषण रखते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में कारोबार और निवेश के लिए काफी संभावनाएं हैं. राज्य सरकार और उद्योग जगत के बीच लगातार संवाद से कारोबारी माहौल को और बेहतर बनाया जा सकता है. सत्र के अंत में अनुराग झुनझुनवाला ने धन्यवाद ज्ञापन किया.